स्पीड न्यूज

### पिपरवार जूनियर ने बीसीए जूनियर को 1 विकेट से हराया

**गिद्धौर।** गिद्धौर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पिपरवार जूनियर और बीसीए जूनियर के बीच क्रिकेट मैच हुआ ।बीसीए जूनियर ने 206 रन बनाए, जिसमें अर्पित कुमार ने 76 रन बनाए। पिपरवार जूनियर ने 207 रन बनाकर एक विकेट से जीत हासिल की, रोशन गोस्वामी ने 75 रन बनाए और मैन ऑफ द मैच रहे। चंदन कुमार और रिशु कुमार अंपायर थे, दीपक कुमार स्कोरर थे। एसोसिएशन के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे।

### भिखनी देवी हत्याकांड मामले में दोनों बहुओं गिरफ्तार

**इटखोरी।** इटखोरी थाना पुलिस ने बघमुंडी गांव में 62 वर्षीय भिखनी देवी की हत्या के आरोप में उनकी दो बहुओं को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई ।भिखनी देवी के बेटे नागेश्वर दांगी ने अपनी बहुओं बबिता और संगीता पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया था, जिसके बाद कांड संख्या 138/24 दर्ज किया गया।

### नौ दिसंबर को ग्रामसभा की तिथि निर्धारित

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली –चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र में रेलवे लूप लाइन निर्माण के संदर्भ में सेरनदाग से वन अनापत्ति हेतु अंचलाधिकारी ने पत्र जारी किया है। बता दें, उक्त प्रोजेक्ट को लेकर ग्रामीणों के तीखे विरोध के कारण लगभग एक दर्जन से अधिक बार सीसीएल व राजस्व विभाग का किया गया प्रयास विफल हो गया है। सर्वाधिक दिलचस्प पूर्व में गुपचुप व फर्जी तरीके से अनापत्ति लेने का मामला यहां काफी सुर्खियां बटोर चुका है। उक्त मामले में ग्रामीण निष्पक्ष न्यायिक जांच की अधियाचना संबंधित प्राधिकार से कर चुके हैं जो विचाराधीन बताया जाता है। ऐसी स्थिति को देखते हुवे पत्रांक 1365 के माध्यम से सीओ ने 9 दिसंबर को बाजार टांड में आयोजित ग्रामसभा में पर्याप्त पुलिस बलों की मौजूदगी में प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मियों को सुस्पष्ट साक्ष्यों के साथ पंजी संधारण करने के निर्देश जारी किये हैं।

### सीओ ने प्रज्ञा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**गिद्धौर।** सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने द्वारी पंचायत भवन के प्रज्ञा केंद्र का औचक निरीक्षण किया और संचालक को बेहतर सेवा व अवैध वसूली से बचने का निर्देश दिया। यह निरीक्षण 5 दिसंबर की पंचायत क्रियान्वयन समिति की बैठक में उठे पीएम किसान योजना में अवैध वसूली के आरोपों के बाद किया गया। मुखिया जगदीश यादव, सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा और संचालक रियाज अंसारी भी मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम हुआ संपन्न

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम समपन्न हो गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में जूरी सदस्य प्रमुख अनीता यादव उप प्रमुख प्रीतम यादव,बीडीओ राहुल देव,गीता देवी,उषा देवी को रखा गया ।सामाजिक अंकेक्षण दल के विनय कुमार ठाकुर व अशोक कुमार यादव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में 6 विद्यालय शामिल था ।जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय मंझगांवां तरी, यूपीएस घटेरी, यूपीएस कुबरी, यूपीएस सूर्याटांड़, यूपीएस सिंदुआरी खुर्द व एनपीएस महुआपुर शामिल है। सभी विद्यालयों में लोगो नहीं होने, विद्यालय में ग्लास कम होने, मीनू चार्ट, दीवार लेखन नहीं करने का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया ।जूरी सदस्यों ने साक्ष्य का सत्यापन कर मामले का निष्पादन किया। वहीं समग्र शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय में बाउंड्री नहीं होने, शौचालय में नल, पानी का व्यवस्था नहीं होने, किचन जर्जर होने समेत अन्य मामले को जिला सुनवाई के लिए अग्रसारित किया गया ।मौके पर कई मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी सेविका के साथ दुष्कर्म की सीटू ने की कड़ी भर्त्सना

# दुष्कर्म की घटना के खिलाफ सेविका सहायिकाओं का विरोध प्रदर्शन आज

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ध्वजाधारी पहाड़ के पिछे रोजाना की तरह आंगनबाड़ी कार्य से लौट रही डूमरियाटांड़ आंगनबाड़ी सेविका के साथ दिनदहाड़े जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने की घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए अपराधी को कठोर से कठोर सजा देने की मांग सीटू ने किया है। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान और जिला सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि जिला मुख्यालय से दो किलोमीटर की दूरी पर जब सरकारी सेवा देने वाली कामकाजी महिला के साथ बलात्कार हो जाता है, तो यह प्रशासन पर सवाल उठता है, कि अपराधियों में कानून का डर नहीं है। पीड़ित आंगनबाड़ी सेविका शाम के 5 बजे ही कोडरमा थाना में अपने साथ हुए दुष्कर्म और मारपीट की घटना का आवेदन देती है, दोषी अपराधी की गिरफ्तारी भी घटना के दिन गुरूवार के रात्री में हो गई है। मगर इस तरह की विभत्स घटना की त्वरित मेडिकल जांच के लिए अस्पताल न भेजकर दूसरे दिन का इंतजार करना, पुलिस की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा करता है। वहीं दूसरी तरफ आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने इस शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी को फांसी देनी की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस घटना के विरोध में और महिला सुरक्षा की मांग पर शनिवार को समाहरणालय पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### बिना ट्रेड लाइसेंस के दुकानों से जुर्माना वसूला गया



**कोडरमा।** नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा के निर्देश के आलोक में नगर पंचायत कोडरमा के विभिन्न दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों का जांच किया गया। जिन दुकानों के पास ट्रेड लाइसेंस नही पाया गया तथा जिनके ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त थी, ऐसे दुकानों से आर्थिक जुर्माना वसूला गया। वहीं नगर मिशन प्रबन्धक संजीत कुमार साहू ने बताया कि कोर्ट रोड स्थित शर्मा जी भोजनालय, मां उमा मेडिकल, नूतन प्रसाद, सतीश कुमार बर्णवाल, एसबी जांच घर, विशाल कुमार सिंह, केक फैक्ट्री आदि दुकानों से जुर्माना वसूला गया। साथ ही जिनके ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त हो गयी है, उन दुकानदारों को अविलंब नवीनीकरण का निर्देश दिया गया। मौके पर विकास कुमार, राजन कुमार, नवीन कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय में एलुमनाई मीट और फाउंडेशन डे धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में याद्गार एलुमनाई मीट और फाउंडेशन डे का आयोजन किया गया, जिसमें कई होनहार एलुमनाई ने भाग लिया। यह आयोजन स्कूल परिसर में उत्साह और प्रेरणा का आदान-प्रदान करते हुए मनाया गया। एलुमनाई को अपने पुराने दिनों को याद करते हुए विद्यालय परिसर का दौरा करने का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने वर्तमान छात्रों से बातचीत की और अपनी सफलता की कहानियां साझा की, जिससे छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक अविनाश सेठ, मनीष कपसीमे, निदेशिका सुनीता सेठ, शुभा कपसिमे सईओ.प्रकाश गुप्ता, सीओओ. तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की उपनिदेशिका संजीता कुमारी, बचपन प्ले स्कूल की प्राचार्य नीरजा व ग्रिजली ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मेंबर्स दीपक राज, कोमल कुमारी, युवराज सेठ ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यालय की प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा की शिक्षा केवल विषयों को पढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों को सिखाती है, जो आपके भविष्य को आकार देंगे। उन्होंने छात्रों से कहा, कि सफलता का मार्ग कभी सीधा नहीं होता; यह मेहनत, धैर्य और अपनी सच्चाई पर कायम रहने से ही प्राप्त होती है।

वहीं विद्यालय के निदेशक ने भी एलुमनाई से संवाद में उन्हें उनके प्रयासों में सफलता की शुभकामनाएं दीं और यह आग्रह किया कि वे विद्यालय से जुड़ें रहें। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमारे एलुमनाई यह प्रमाण हैं कि हर व्यक्ति दुनिया में एक छाप छोड़ने की क्षमता होती है। आप सभी ग्रिज़ली विद्यालय की धरोहर के संवाहक हैं, और मैं आपसे अनुरो करता हूं कि आप इस धरोहर को आगे बढ़ाएं, हमेशा विनम्र रहें, और कभी न भूलें कि आप कहां से आए हैं। हमारे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले हैं, और हम आपके सपनों को पूरा करने में हर कदम पर आपका समर्थन करेंगे। इस आयोजन में विशेष रूप से एलुमनाई चंदन कुमार 2013 बैच के विद्यार्थी जिन्होंने छात्रों के साथ अपनी सफलता की कहानी साझा की। वहीं उन्होंने अपने पढ़ाई के बाद करियर की शुरुआत में आई कई मुश्किलों का सामना करने की अपनी यात्रा बताई। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सिखाई गई कड़ी मेहनत और ईमानदारी की जड़ें आज उनकी सफलता का मुख्य कारण हैं। उनका संदेश था कि छात्रों को हमेशा अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।

### डीडीसी ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा



**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने शुक्रवार को चंदवारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर आवास समेत अन्य योजनाओं का औचक जांच किया। जांच के क्रम में प्रखंड के आरागारो और चंदवारा पूर्वी पंचायत में अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा अंतगर्त बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य संचालित योजनाओं का औचक जांच कर, विभागीय पदाधिकारियों को जल्द से जल्द आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला परिषद् अंतगर्त योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जमीन का चिंहितकरण और सत्यापन किया। इसके अलावे प्रखंड के बेंदी और थाम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

एक नजर में

### रूद्रेश रंजन पाठक ने यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया चतरा का मान





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विनोबा भावे यूनिवर्सिटी, हजारीबाग ने बी.ए.एलएल.बी. सत्र 2019-24 का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में तपेज, चतरा के रूद्रेश रंजन पाठक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4260 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। उनकी इस सफलता ने जिले का नाम रोशन किया है। रूद्रेश रंजन पाठक ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके कठिन परिश्रम और समय के अनुशासित उपयोग का बड़ा योगदान है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और शिक्षकों को दिया। रूद्रेश ने कहा, 'सपने तभी पूरे होते हैं जब आप उन्हें साकार करने के लिए मेहनत करें। यह उपलब्धि मेरी मेहनत और मार्गदर्शकों के सहयोग का परिणाम है।' चतरा जिले की सिमरिया निवासी साक्षी कुमारी ने भी शानदार प्रदर्शन किया और 4356 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया।

बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रम कुल 10 सेमेस्टर का है। इसकी अंतिम परीक्षा 9 सितंबर को संपन्न हुई थी। रूद्रेश रंजन पाठक और अन्य प्रतिभागियों की सफलता से यह स्पष्ट है कि लगन और मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। रूद्रेश रंजन पाठक की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता, जो चतरा कोर्ट में अधिवक्ता हैं, ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि रूद्रेश ने उनके सपनों को साकार किया है।

### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित बैठक संपन्न





खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 मे ई-कल्याण पोर्टल पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं के आवेदन अनुमोदन एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित बैठक की गई।

बैठक में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में अनुसूचित जाति - 167, अनुसूचित जनजाति -44, पिछड़ी जाति-863 के कुल 1074 एवं राज्य के बाहर 74 (चौहत्तर) कुल - 1148 छात्र/छात्राओं को सर्वसम्मति से पारित करते हुए भुगतान करने का निर्णय लिया गया। वहीं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय बैठक में प्राप्त आवेदनों में से पिछड़ा वर्ग के 94, अनुसूचित जाति 17, अनुसूचित जनजाति के 46 कुल 157 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से लाभान्वित करने हेतु सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत संबंधित सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### किसान सभा व ज्ञान विज्ञान समिति ने मनाया अम्बेडकर की पुण्यतिथि



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** किसान सभा और ज्ञान विज्ञान समिति ने अम्बेडकर पार्क कोडरमा में संविधान के मुख्य शिल्पकार, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक सह प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। माल्यार्पण के पश्चात् श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर कठिन परिस्थितियों में चलकर उच्च अध्ययन करते हुए देश में फैले छुआछूत, समाजिक असमानता, अशिक्षा के खिलाफ जंग छेड़ा था। संविधान निर्माण के पश्चात् उन्होंने देशवासियों को संविधान की रक्षा के साथ-साथ उसे अक्षरशः लागू करने की जरूरत पर सचेत किया था, अन्यथा संविधान कागज का पुतला बना रहेगा। आज आजादी के इतने साल बाद भी संविधान के मूल भावना के साथ छेड़-छाड़ हो रहा है। आज देश की स्वतंत्रता और जनतांत्रिक मुल्यों पर कुठाराघात के खिलाफ आवाज बुलंद करना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा को सीआईटीयु के राज्य सचिव संजय पासवान और सीआईटीयु के जिलाध्यक्ष रमेश प्रजापति ने भी सम्बोधित किया। मौके पर महेंद्र तुरी, मुन्नीलाल डोम, शंभु कुमार, रणजीत कुमार, शियाराम कुमार, मन्टु तुरी, शंकर राम, पवन प्रसाद, विक्की कुमार, कृष्णा राम, जीतु राम आदि मौजूद थे।

भाजपा की लगातार तीसरी बार जीत पर आभार सह अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

## पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत जीत मिली है : डॉ. नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत हुई है और इस जीत का पूरा श्रेय कोडरमा की जनता, पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को जाता है। उक्त बाते कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहीं। वहीं उन्होंने शुक्रवार को पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि पार्टी के कुछ लोगों का दिल से साथ होता तो जीत का अंतराल और ज्यादा होता और पार्टी को कोडरमा में सवा लाख से अधिक वोट आते। वहीं उन्होंने कोडरमा से लगातार तीन बार उम्मीदवार बनाए जाने के लिए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनता के हितों के लिए हमेशा तत्पर थीं और जनता ने जो विश्वास उनपर व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का हमेशा प्रयास करेंगी। वहीं झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं के लिए आभार और विधायक डॉ. नीरा यादव के अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी तथा संचालन विजय यादव और शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि अब आपकी जिम्मेवारी और बढ़ गयी है, लोगों की समस्याओं को लेकर आपको आगे आना है। अनुशासन और पार्टी सिद्धांत को ध्यान में रहकर कार्य करना है। इस दौरान कोडरमा विधानसभा प्रभारी अम्बिका सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, नितेश चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, डॉ. नरेश पंडित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रो. राजेश सिंह ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। मौके पर रामनाथ सिंह, जयप्रकाश राम, शशिभूषण प्रसाद, गोपाल कुमार गुतुल, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, प्रो.बीएनपी बर्णवाल, पंकज मोदी, संजीव समीर, विनोद कुमार मुन्ना, अरशद खान, रामचंद्र राम, सुनिती सेठ, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, सुनील पंडित, पंकु साव, पवन सिंह, सुनील सिन्हा, राजेश सिंह राजू, दिनेश्वर प्रसाद, प्रेमान्सु कुमार, नीलू सिंह, नीरज कर्ण, राजेश सिन्हा, प्रवीण पाण्डेय, विजय राम, चंदन सिन्हा, महेंद्र यादव, परिजात सिंह, सबीता देवी, अनिता देवी, रेखा भदानी, रीता लोहानी, महेन्द्र यादव, राजकिशोर प्रसाद, नवीन चौधरी, अमर सिंह, पिन्टु मजुमदार, इन्द्र देव मोदी, शिवशंकर ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गोदाम इन्वेस्टर पर अभिकर्ता ने लगाया भयादोहन का आरोप





खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** भारतीय खाद्य निगम (पीडब्ल्यूएस) गोदाम के अनाज की काला बाजारी के लिए धर्मकांटा से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे अभिकर्ता और वाहन चालको में आक्रोश व्याप्त है। चालको ने गोदाम के बाहर अपने-अपने वाहन खड़े कर अधिकारियों के समक्ष अनाज का वजन कराने की मांग किया है।

उनका आरोप है कि गोदाम इंवेस्टर के कहने पर इंचार्ज ने धर्मकांटा से छेड़छाड़ किया है। जिसकी वजह से उनका अनाज का वजन कम दिख रहा है। प्रत्येक वाहन से 80 से सौ किलो तक वजन कम बता रहा है। अभिकर्ता के प्रतिनिधियो का आरोप है कि बुधवार की शाम अभिकर्ता को पीडब्ल्यूएस गोदाम में एक ट्रक पर 100 किलो अनाज कम होने की शिकायत मिली। जिसके बाद अभिकर्ता के प्रतिनिधि गोदाम पहुंचे। जहां दुबारा कांटा पर वजन कराया गया। जिसमें सिर्फ 20 किलो अनाज कम मिला। इधर मामले की जानकारी मिलते ही परिवहन एवं हथलन अभिकर्ता संतोष कुमार सोनी ने गोदाम इंवेस्टर निरंजन अग्रवाल पर भयादोहन का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गोदाम और ठिकेदार दोनो वही रहना चाहते है। इसके लिए तरह-तरह का अड़चन लगा रहे है, ताकि वे खाद्यान की ट्रांसपोर्टिंग छोड़ दे और स्वयं ले ले। इस बाबत उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के धनबाद मंडल प्रबंधक को पत्राचार किया है। अभिकर्ता का आरोप है कि गोदाम के इंवेस्टर अनाज की कालाबाजारी कर रहा है। एक गाडी पर 80 से 100 किलो तक की चोरी की जा रही है। जिसे बाहर मनमानी दर से बेचा जा सके। अनाज वजन में जब चोरी पकडी गई तब इंवेस्टर द्वारा कभी कंप्यूटर खराब, कभी धर्मकांटा खराब, कभी नेटवर्क में खराबी का बहाना बनाकर जान बूझ कर काम में बाधा डालने का प्रयास किया जा रहा है। इंवेस्टर ने गोदम के बाहर ताला लगा कर गोदाम को बंद कर दिया है। जिसकी वजह से अनाज से लदा लगभग 27 ट्रक जो गोदाम के बाहर रोड़ पर खड़ी है। जिससे अनाज चोरी की चिंता सता रही है। गोदाम इंचार्ज कैलाश पांडेय ने कहा कि बुधवार को मैं शादी में गया हुआ था। गोदाम का सारा कामकाज ठीक-ठाक चल रहा था। ग्रोस वजन में कम आ रहा था। जब वाहन की जांच की गई, तो 20 किलो कम अनाज पाया गया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर धूल फांकने को मजबूर, बना शोभा का केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता





**सिमरिया।** प्रखण्ड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल के प्रांगण में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर इन दिनों शोभा का केंद्र बना हुआ है और धूल फांकने को मजबूर है। वहीं आरोग्य मंदिर में महीनों से ताला लटका पड़ा है। हालांकि यह आरोग्य मंदिर आयुवेर्दा जिला आयुष समिति चतरा से संचालित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार आयुर्वेद दवाइयों के माध्यम से बीमार लोगों को स्वस्थ कराने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। इसके लिए सभी जगहों पर एक डॉक्टर और एक व्यक्ति को सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है किंतु यहां ना डॉक्टर हैं ना सहायक मुख्य गेट पर महीनों ताला लटका पड़ा है । वैसे में सरकार का सारा जन उपयोगी कार्य महज कागजों पर सिमट कर रह जा रहा है। आपको बता दें कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के अंतर्गत सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को जरूरतमंद और गरीब लोगों तक पहुंचाने का कार्य करती है। इसका संचालन विभिन्न तरीकों से किया जाता है जैसे में पंजीकरण प्रक्रिया,लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत पंजीकृत किया जाता है। लाभार्थी परिवारों का चयन सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसइसीसी) डेटा के आधार पर किया जाता है। परिवारों को एक विशिष्ट आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जाता है। आयुष्मान आरोग्य केंद्र (मंदिर) का निर्माण, स्थानीय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्रों को ₹आयुष्मान आरोग्य मंदिर₹ के रूप में स्थापित किया जाता है। केंद्र सभी प्रकार के मरीजों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं और आयुष्मान भारत योजना के तहत उपचार प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना आयुष्मान भारत योजना के तहत, लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसमें गंभीर बीमारियों, सर्जरी, दवाइयों और डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा शामिल होती है। सरकारी निगरानी और प्रबंधन योजना का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभागों द्वारा किया जाता है ।इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर और पोर्टल बनाए गए हैं, जिनके माध्यम से अस्पताल और लाभार्थियों की निगरानी की जाती है ।लाभार्थी की पहचान और उपचार लाभार्थी अपने आयुष्मान कार्ड के जरिए किसी भी पंजीकृत अस्पताल में इलाज करा सकता है। राज्य स्वास्थ्य एजेंसियां (रत्नअ) इसका संचालन करती हैं। जागरूकता और प्रचार-प्रसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ कैंप्स और वर्कशॉप के माध्यम से लोगों को इलाज किया जाना है।

## पुलिस ने माओवादी के रीजनल कमांडर छोटू खरवार के हत्याकांड का किया उद्भेदन

# वर्चस्व तथा लेवी के पैसे को लेकर की गई थी छोटू खरवार की हत्या

➲ **हत्या में शामिल चार माओवादी गिरफ्तार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला पुलिस के द्वारा प्रतिबंधित माओवादी उग्रवादी संगठन के रीजनल कमांडर छोटू खरवार के हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया गया है। बता दें कि 27 नवंबर को छिपादोहर के जंगल में पुलिस ने माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर छोटू खरवार का शव बरामद किया था। इस संदर्भ में दिन गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस को जानकारी देते हुए बताया गया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि प्रतिबंधित माओवादी उग्रवादी संगठन के रीजनल कमांडर बिरजू सिंह उर्फ छोटू खरवार उर्फ छोटू जी के हत्या में शामिल दस्ता के सक्रिय सदस्य पूरन परहिया जो नावाडीह चकलवा टोला अपने घर आया हुआ है। उक्त सूचना के संदर्भ अभिलंब कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा निर्देश दिया गया। वहीं प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह भरत राम के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। वहीं गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नावाडीह चकलवा टोला में छापामारी कर घटना में शामिल माओवादी के सक्रिय सदस्य पूरन परहिया को गिरफ्तार किया गया। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त के


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

निशानदेही पर अन्य तीन अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त से छोटू खरवार के हत्या का कारण पूछने पर बताया कि मृत्युंजय भुइयां तथा छोटू खरवार के बीच वर्चस्व तथा लेवी के पैसा को लेकर काफी दिनों से अनबन चल रहा था। और 25 नवंबर के रात्रि में पैसा को लेकर मृत्युंजय भुइयां, छोटू खरवार, चंद्रदेव सिंह खरवार एवं दस्ता के अन्य सदस्यों के बीच कहा सुनी हुआ था,इसी कारण मृत्युंजय भुइयां ने चंद्रदेव सिंह खरवार के साथ मिलकर छोटू खरवार को गोली मारकर हत्या कर दिया। तथा दिनांक 26 नवंबर को सुबह में छोटू खरवार के लाश को अपने सहयोगी के मदद से घटनास्थल के पास स्थित ढोंढा में गढ़ा खोदकर लाश को छुपा दिए। जिसके बाद 27 नवंबर को अपने सहयोगी से छुपाए हुए लाश को गढ़े से निकलवाकर छापर अम्बाटिकर जाने वाले रास्ते में फेंकवा दिया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त में पूरन परहिया उम्र 48 वर्ष पिता बिफन परहिया,बिनेश्वर भुइयां उम्र 54 वर्ष पिता स्वर्गीय हरिहर भुइयां,लुरुक मियां उर्फ नूर मोहम्मद उम्र 50 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहमदली मियां,बालकेश भुइयां उम्र 46 वर्ष पिता स्वर्गीय गुंधी भुइयां,सभी ग्राम नावाडीह थाना छिपादोहर जिला लातेहार शामिल हैं। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद किए गए हैं। वहीं इस छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह भरत राम, थाना प्रभारी छिपादोहर धीरज कुमार सिंह, थाना प्रभारी बरवाडीह राधेश्याम कुमार, रितेश कुमार, राजेश कुमार, सरोज कुमार दास, समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### यूनियन चुनाव में ईसीआरकेयू ने किया जीत का दावा, कर्मियों का जताया आभार

## हर वादों को पूरा करेगी ईसीआरकेयू : सुनील सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** तीन दिनों तक चले रेल यूनियन की मान्यता को लेकर चुनाव की प्रकिया शुक्रवार को सम्पन्न हो गई। चुनाव प्रकिया सम्पन्न होने के बाद अब 12 दिसंबर को धनबाद डीआरएम ऑफिस बिल्डिंग में काउंटिंग की प्रकिया होगी और परिणाम घोषित किया जाएगा। इधर मतदान सम्पन्न होने के बाद वर्तमान सत्ताधारी यूनियन ईसीआरकेयू के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह ने अपनी यूनियन का पुरे जोन में प्रचण्ड वोट से जीत का दावा किया है। सुनील कुमार सिंह ने बताया कि ईसीआरकेयू का हर एक सदस्यों ने पुरे ईमानदारी के साथ हर एक रेल कर्मचारियों के लिए काम करते हुए अपनी पहचान स्थापित की है, और उसी के बदौलत आज वर्तमान


शाखा सचिव के साथ यूनियन के पदाधिकारी।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी विभाग के रेल कर्मचारियों का भरपूर सहयोग हमारी यूनियन को मिला है, जो स्पष्ट और प्रचंड जीत के संकेत है। सुनील कुमार सिंह ने यह भी कहा कि ईसीआरकेयू ने कर्मियों के हक अधिकार के लिए जो भी वादे किए है और जो काम अधूरे पड़े है। उसे वर्तमान समय में पूरा करने के साथ-साथ हर समस्या के लिए संघर्ष करने का काम करेंगे। जिस संघर्ष में पीडब्लूआई कर्मी, रनिंग स्टॉप, आइओडब्लू स्टॉप, ट्रैकमैन भाई समेत सभी लोग एक परिवार की तरह जुड़ गए है, जिसे तोड़ पाना मुश्किल है। वही यूनियन की इस बार मान्यता मिलते ही पूरी मजबूती और नए जोश के साथ हम सब मिलकर काम करेंगे। वहीं ईसीआरकेयू के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, विनोद कुमार, उपेंद्र पाल, राजन कुमार, अभिमान श्रीवास्तव आदि ने भी ईसीआरकेयू की जीता का दावा किया हैं।

**35 फीसदी मत पाने वाली यूनियन को मिलेगी मान्यता**

बता दें कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर बरवाडीह में दो बूथ बनाए गए थे। जिसमें रेलवे स्पोर्ट्स क्लब बूथ संख्या 23 में 83% मतदान हुआ है। वहीं बूथ संख्या 24 में 78% कर्मियों ने मतदान किया। इससे साफ प्रतीत होता है कि मतदान को लेकर कर्मियों में काफी उत्साह था। चुनाव परिणाम 12 दिसंबर को आएगा। नियमानुसार चुनाव में 35 फीसदी मत पाने वाली यूनियन को 5 साल के लिए मान्यता दी जाएगी।

## जागरूकता सह किसान गोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** वर्ल्ड स्वाइल हेल्थ डे के अवसर पर गुरुवार को मृदा स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता-सह-किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पंचायतों के महिला एवं पुरूष किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, निदेशक श्रीमति मुक्ता रानी, राज्य परामर्शी विद्याधर मुण्डा, जिला परामर्शी बलबीर सिंह और एनएफएसएम लातेहार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार के द्वारा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया एवं मृदा स्वास्थ्य के महत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सहायक मिट्टी रसायनज्ञ, लातेहार ने खेत से मिट्टी नमूना संग्रहण के बारे में तकनीकी जानकारी एवं महत्व के बारे में बताया। निदेशक आरएसईटीआई लातेहार के द्वारा किसानों को बताया गया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भारत सरकार की एक महत्त्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ सभी किसान उठाएँ। जिले के सभी किसान जो अब तक अपने खेत के मिट्टी का जाँच नहीं कराएँ हैं वे किसान यथाशीघ्र मिट्टी नमूनों का संग्रहण कर जिला कृषि कार्यालय, लातेहार को जाँच करने हेतु भेजे एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करें। इस कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों ने मृदा स्वास्थ्य से संबंधित शपथ प्रतिज्ञा लिया गया कि मिट्टी एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है।


## एक नजर में

### उपायुक्त ने की संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक


बैठक करते डीसी।

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायालय से सम्बंधित वादों में प्रति शपथ पत्र दायर किये जाने की विभागवार समीक्षा किया गया। विभागवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त महोदय ने कहा कि जितने भी मामलों में कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया जाना है वैसे सभी लंबित मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को ससमय प्रति शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, विधि शाखा प्रभारी अनिल मिंज, अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

### पीसीसी सड़क चौड़ीकरण में स्थानीय लोगों का विरोध के बाद मामला अटका



**लातेहार।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर नौ में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क निर्माण के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने संवेदक से टूटी हुई नालियों को बनाकर सड़क चौड़ीकरण की मांग भी की है। हालांकि संवेदक ने आश्वासन दिया कि सड़क के साथ टूटी हुई नालियों को भी बनाया जाएगा। परंतु गुरुद्वारा रोड मोहल्ला वासी रामधनी प्रसाद के द्वारा नाली निर्माण को अपनी भूमि बताकर विरोध किया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोगों ने कहा पूर्व में भी यहां नाली बनाया गया था, लेकिन नाली की स्थिति काफी जर्जर है। नाली के साथ सड़क एक साथ बन जाने से सड़क चौड़ी होंगी, जिससे मोहल्ले में जाम की स्थिति नहीं बनेगी। इधर नाली निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने के कारण स्थानीय लोगों में मायूसी है। लोगो ने कहा कि नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी इसका हल नहीं निकाला गया है।

### उग्रतारा बम्बू क्राफ्ट क्लस्टर औधीगिक सहयोग समिति का प्रशिक्षण संपन्न


प्रमाण पत्र देते बीडीओ।

**चंदवा।** प्रखंड के रुद गाव के तुरीटोला मे मुखमंत्री लघु एवम कुटीर उधम विकाश बोर्ड के तहत उग्रतारा बम्बू क्राफ्ट क्लस्टर औधीगिक सहयोग समिति के लोगो को 28 दिन की ट्रेनिग के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद के द्वारा बनाए सभी का सामानों का निरीक्षण कर प्रमाण पत्र दिया गया और इस कार्य को मन लगाकर करने बात कही गयी। बीडीओ ने कहा कि किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक करने में कौशल व दक्षता बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने प्रशिक्षण लेने वाले लोगो से 28 दिनों के प्रशिक्षण मे सीखे हुनर का उपयोग कर स्वावलंबन की राह पर चलने की भी बात कही। मौके पर हेमंत केसरी जिला उद्यमी समनवक लातेहार, अभिषेक कुमार गुप्ता प्रखण्ड उद्यमी समन्यवक चंदवा, अब्दुल मसिर अंसारी प्रशिक्षण प्रभारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मनाई भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि

**लातेहार।** स्वामी विवेकानंद चिल्ड्रन पार्क में बहुजन समाज पार्टी के द्वारा भीमराव अबेडकर की 68वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मुंगेश्वर राम, प्रकाश कुमार रवि, आदित्य कुमार रंजन उपस्थित रहे। वहीं अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात बच्चों के बीच कलम वितरण किया गया। वहीं किसानों के बीच, बीज एवं मच्छरदानी वितरण किया गया। वहीं मुंगेश्वर राम ने बताया कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रख्यात न्यायविद थे। जिन्होंने जाति प्रतिबंध, सामाजिक अन्याय को समाज के जड़ से दूर करने का प्रयास किया और इसमें अपना योगदान दिया। मौके पर अजय राम, चंद्र राम, कामेश्वर राम, चंद्रवंशी शशि कुमार, बिगावन राम, महेंद्र राम, दीपेश कुमार रवि समेत कई लोग मौजूद थे।

### विधायक प्रकाश राम ने किया प्रतिमा का अनावरण



अनावरण करते प्रकाश राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित शहीद चौक में शुक्रवार स्व. रामकुमार भगत प्रतिमा का अनावरण लातेहार के विधायक प्रकाश राम ने किया। मौके पर उन्होंने स्व. रामकुमार भगत को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1977 में अपराधियों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई थी। क्योंकि उन्होंने एक आदिवासी युवती के साथ हुए बलात्कार का विरोध किया था। और इस मामले को लेकर उस समय के पलामू के एसपी मिलकर अपराधियों पर केस दर्ज करवाया था ।स्व.रामकुमार भगत गरीबों शोषितों की लड़ाई लड़ते रहते थे। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ और अन्याय के खिलाफ हम लोग भी स्व.रामकुमार भगत की पदचिन्ह पर चलने का काम करें ।उनके द्वारा किये गए कार्यो को हम आज भी नमन करते है। वहीं मो. जुबेर,प्रेम प्रसाद गुप्ता,मोतिउर रहमान,रामनाथ सिंह,संजीव सिन्हा,राजू भगत समेत कई लोगों ने संबोधित करते हुए स्व.रामकुमार भगत के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके पदचिन्हों पर चलने की बात कही। मौके पर लक्ष्मण कुशवाहा मुन्ना जयसवाल अशोक गुप्ता सुदामा प्रसाद देवनंदन प्रसाद,त्रिवेणी साहू,रामजी सिंह,देवेंद्र सिन्हा, शिव साहू, विनोद साव, विजय यादव, रंजीत जयसवाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अपराधियों द्वारा मारपीट किये जाने पर रोड कार्य में लगे संवेदको काम बंद करने की दी गयी धमकी

**चंदवा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कामता से सेरक तक लगभग 12.5 किमी विशेष मरम्मति कार्य में लगे संवेदक के कर्मियों के साथ अज्ञात हथियारबंद अपराधियों द्वारा मारपीट करते हुए काम को बंद कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार की सुबह की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की अहले सुबह कुछ वाहन सड़क निर्माण सामग्री लेकर साइट पर गयी थी, इसी दौरान चटुआग व सेरक के बीच पोकेया पोल के पास बाइक से आये 3 की संख्या में अपराधियों ने कर्मियों के साथ मारपीट की व काम को बंद करने की धमकी दी।

## कोयला कारोबारी के घर में दिनदहाड़े चली गोली





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र में इन दोनों अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। अपराधियों का मनोबल कितना बढ़ गया है की बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप कोयला व्यवसायी मुकेश सिंह के आवास में शुक्रवार को शाम 5:30 बजे दिनदहाड़े अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। प्रत्यक्षदर्शी राजा कुमार ने बताया कि एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग आवास पहुंचे। जहां आवास के बाहर ताला बंद कर सभी कर्मी बालूमाथ साइडिंग में कार्य करने चले गए थे। बंद पड़े घर के समीप तीनों अपराधी पहुंचे और घर को लक्ष्य कर अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दिया ।इसी बीच अगल-बगल के लोग को गाली देकर अपराधियों ने सीसीटीवी कैमरा को सटाकर गोली मारी ताकि उसका चेहरा नहीं पहचाना जा सके ।घटना की सूचना मिलने पर बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ दलबल के साथ पहुंचे जहां 9 एमएम के 8 खोखा को बरामद किया है। वहीं पुलिस अपराधीयो के धर-पकड़ के लिए छापामारी शुरू कर दी है। इधर दिनदहाड़े हुई गोलीबारी की घटना से बालूमाथ में दहशत का माहौल व्याप्त है। अपराधीयो ने बीते 28 नवंबर को मुकेश सिंह द्वारा संचालित बालूमाथ साइडिंग में भी अपराधियों ने एक-47 से अंधाधुंध फायरिंग किया था। जिसमें दो हाईवा का टायर ब्लास्ट हो गया था। जिसकी जिम्मेवारी अपराधिक गिरोह मयंक सिंह ने लिया था। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी प्राप्त किया। और सीसीटीवी फुटेज की जांच किया।

### मनिका प्रखंड में भाजपा ने किया विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

## भीमराव अंबेडकर का मनाया गया पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के आवास पर दिन शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुरूआती के पहले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाया गया एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ता।

के द्वारा मनिका विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के हार पर चिंतन-मंथन किया गया। जिसमें कई कार्यकताओं ने चुनाव में हार का कारण,आपसी गुटबाजी एवं भीतर घात का कारण बताया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की पार्टी विरोधी कार्य करने वाले लोगों पर शीघ्र ही पार्टी करवाई करेगी। मौके पर राजधानी प्रसाद यादव,जिला महामंत्री बंसी यादव, ईश्वरी सिंह, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, मंदीप कुमार,लव कुमार दुबे, अमरेंदर कुमार एवं मंडल अध्यक्ष,मोर्चा अध्यक्ष, विधानसभा चुनाव संचालन समिति, शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आपकी ईमानदारी के बदौलत चुनाव जीते हैं गद्दारों के बदौलत नहीं: प्रकाश राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** आप सभी कार्यकताओं के ईमानदारी बदौलत यह चुनाव जीता हूं इस चुनाव में एक-एक वोट का महत्व पता चला है। सरकार में नहीं होने के बावजूद भी मेरा कोशिश रहेगी कि मैं जनहित की समस्या को दूर करूं और हर जनहित की समस्या को सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाऊंगा। उपरोक्त बातें लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने शुक्रवार को बालूमाथ गोपाल सिंह के कलसाइन फैक्ट्री में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा कि समीक्षा के दौरान या बात स्पष्ट खुलकर आया कि हमारे बीच बैठे कुछ पदाधिकारी खुलकर गद्दारी किए हैं और चुनाव हराने में पूरी ताकत लगाए हैं मैं वैसे लोगों को नसीहत देना चाहता हूं कि वह भारतीय जनता पार्टी को स्वयं छोड़ दे ।ताकि भारतीय जनता पार्टी को और नुकसान


संबोधित करते प्रकाश राम।

नहीं उठाना पड़े। वहीं संजीव सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में जो लोग पार्टी से गद्दारी कर चुनाव हारने का कार्य किए थे वैसे लोगों को भी बालूमाथ भाजपा मंडल में जगह दे दिया गया है और इस बार भी वह लोग चुनाव हारने का कार्य करने में जुटे हुए थे। वहीं समीक्षा के दौरान मोहन पांडे, विजय ठाकुर प्रमोद साहू, विनोद यादव, अखिलेश प्रसाद गुप्ता,संजीव गुप्ता,सुनील पांडे समेत कई लोगों ने कहा कि चुनाव में अपने लोगों की गद्दारी के कारण कम मार्जिन मिला नहीं तो चुनाव 20,000 से अधिक मतों से जीता जा सकता था।

### प्रदेश महासचिव अशरदुल कादरी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को दी बधाई

## राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था व चिकित्सा के क्षेत्र में होगा सुधार: अशरदुल कादरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने पर बरवाडीह के पोखरी कला निवासी सह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव अशरदुल कादरी ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी है। श्री कादरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस आलाकमान के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने एक जमीनी कार्यकर्ता को स्वास्थ्य मंत्री बनाकर सम्मान देने का काम किया हैं। इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व और राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। अशरदुल कादरी ने आगे बताया कि डॉ. इरफान अंसारी युवा एवं ऊर्जावान


डॉ.इरफान अंसारी को बधाई देते अशरदुल कादरी।

विधायक हैं। राज्य में स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था के क्षेत्र में काफी सुधार होगा। इसके अलावा जामताड़ा जिले के साथ राज्य का भी समुचित विकास होगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री रहते हुए डॉ.इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले में कई योजना की सौगात दी है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने इनके प्रति विश्वास जताते हुए फिर से मंत्री बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर है। कहा कि डॉ अंसारी कर्मठ तो है ही वे सबको साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने स्वास्थ्य मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. इरफान अंसारी ने हमेशा गरीबों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों के साथ सभी वर्ग समाज के लोगों को हक दिलाने की लड़ाई लड़ी है, और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बार फिर उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर उनके संघर्ष को पहचान दिया है।

## बाबा साहब डॉ. भीम राव का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के सरना भवन परिसर मे 6 दिसंबर शुक्रवार को पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव की अध्यक्षता मे भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव की 69 वीं महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। परिनिर्वाण दिवस के मौके पर उपस्थित उप प्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, वीरेंद्र पासवान, योगेंद्र गंझु, प्रेम गंझु, राजू रामवृक्ष लोहरा, अनुज उरांव, अजय कुमार राम, मनोज राम, राजेश राम, लाल आशीष नाथ शाहदेव ने उनके चित्र के समक्ष द्दीप प्रज्जलित व पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम मे पूर्व मुखिया उरांव ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की हमारे देश का लिखा हुआ दुनिया का सबसे लंबा संविधान है। सबसे पहले हम आपको बता दें कि डॉ. भीम राव अंबेडकर ने समाज में हो रही भेदभाव और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हुए लम्बे संघर्ष किया। जिसका नतीजा यह हुआ कि आखिरकार दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान उनकी अध्यक्षता में तैयार किया गया। उन्होंने स्वतंत्रता, समानता और



मौके पर मौजूद लोग।

भाईचारा के महत्व को समझाया है। साथ ही सभी वर्गों के महिलाओं को आजादी दिलाई है। दलित और गरीब परिवार में जन्म लेने के कारण उन्हें बचपन से ही बहुत सारी यातनाएं और मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। लेकिन वह अपने इरादे में मजबूत थे। इसलिए उन्होंने कभी हार नहीं मानी और सच्चाई, ईमानदारी के साथ इतिहास को रच डाला। वहीं राजू रामवृक्ष लोहरा ने कहा की जब तक समता और समानता नहीं होता तब तक बाबा साहेब का सपना अधूरा है। उनका यह सपना था कि भारत में हर इंसान को एक समान अधिकार मिले, जिसे उन्होंने सफल कर दिखाया लेकिन अभी भी संविधान के आधार पर लोग वंचित है। वीरेंद्र पासवान व योगेंद्र गंझु ने कहा की महापरिनिर्वाण दिवस का महत्व इस दिन महापरिनिर्वाण दिवस क्यों मनाया जाता है। जिसका बड़ा कारण यह है कि उन्होंने साल 1956 में बाबा साहेब ने बौद्ध धर्म अपना लिया था। इस धर्म में महापरिनिर्वाण शब्द का अर्थ है, मृत्यु के बाद मुक्तिह्व यह शब्द मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बाबा के अनुयायी उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्रित होते हैं। अनुज उरांव ने कहा की सभी को संविधान की पुस्तक को अध्ययन करने की आवश्यकता है। हर घर मे संविधान की पुस्तक हो और अपने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें। वहीं प्रेम गंझु के अलावे कई उपस्थित लोगों ने भी अपना अपना बात रखा जिसमे कहा की हमलोग सरकार से मांग करते है की हर विद्यालय मे संविधान को भी पढ़ाया जाय संविधान पढ़ाने से काफी हद तक परिवर्तन हो सकता है। मौके पर प्रखंड सुनील कुमार, अरुण कुमार, पूरन राम, मंदीप कुमार, उमेश लोहरा, दीपक लोहरा सहित कई लोग उपस्थित थे।

